Model Question Paper- 2023-24

I PUC

Hindi (03)

Time: 3 Hrs.15 Minutes. Max.Marks : 80

(Total No. of Questions:39 )

---

सूचना: 1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है |

2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है |

1. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: 10×1=10

1.' इसके बावजूद कुछ रोगी **कूच कर जाते हैं** |' दिल ' का दौरा और एंजाइना ' के संदर्भ में रेखांकित शब्द का अर्थ है --

i) प्रस्थान करना ii) मर जाना

iii) चले जाना iv) कुछ करना

2. ' नालायक ' कहानी में पुलिस की गाडियाँ आयी थी--

i) एक ii) दो

iii) तीन iv) चार

3. 'राष्ट्र का स्वरूप ' में वासुदेवशरण अग्रवाल के अनुसार राष्ट्र का सुखदायी रुप है --

i) सुख से जीवन बिताना ii) संस्कृति का विकास

iii) माता के प्रति अनुराग iv) समन्वय युक्त जीवन

4. 'अल्लमप्रभु के अनुसार चाह' ' है --

i) कंचन ii) लालच

iii) कामिनी iv) माया

5. रसखान ' के सवैये ' में गोपी सिर पर धारण करना चाहती है --

i) गुंज की माला ii) मोर के पँख

iii) पीताम्बर iv) लकड़ी

6. 'श्मशान ' कहानी के आधार पर मनुष्य सबसे अधिक प्रेम करता है --

i) माँ - पिता से ii) पत्नी से

iii) अपने आप से iv) दूसरों से

7. ' सिलिया ' कहानी में प्रतिष्ठित साहित्य संस्था ने समानित किया --

i) हेमलता को ii) सुकेशी को

iii) सिलिया को iv) आनंदी को

8. 'देखूँ अब किसकी रुकती है आ मुझ पर अभिलाषा ' प्रस्तुत पंक्ति में कवि देखना चाहते हैं -

i) अपनी आकांक्षा

ii) अपनी मायूसी

iii) दूसरों की अभिलाषा

iv) अपनी रुकी हुई अभिलाषा

9.' प्रतिभा का जन्म इसमें नहीं होता है -

i) निरंतर कष्ट सहने की ताकत में

ii) संघर्ष निरत साधक में

iii) दिवा स्वप्न , कल्पना, विस्मय में

iv) यातना सहने की ताकत में

10.' तुम आओ मन के मधुर मीत - मुसकाये मेरी मधुर प्रीत ' पंक्ति में कवि डॉ. सरगु कृष्णमूर्ति का कहना है कि --

i) मधुर मित्र के आने से मेरा मधुर प्यार मुस्कुराने लगेगा |

ii) मित्र के मुस्कुराने से मेरा प्यार जाग जायेगा |

iii) मित्र और प्यार दोनों मुस्कुरायेंगे |

iv) मन और मधुर मित्र दोनों कवि को प्रिय हैं |

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए: 5×1=5

(की, का, को, के, से, में )

11. i) नानी .... ... सामने उसने दृढ़ निश्चय के साथ कहा |

ii) तुम बीच ........ मत पड़ो बेटा |

iii) वह अपने भाई......... तरह दुबला पतला था |

iv) हाथ के स्पर्श........ ही उसने आँखें खोली |

v) हाथ पर लगी धूल ....... वह पोंछने लगा |

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 5×1=5

| | |
|---|---|
| 12. i ) गले लगाना | 1. शोर मचाना |
| ii) कल्लोल करना | 2. कठोर होना |
| iii) नाक रगड़ना | 3. हाथ फैलाना |
| iv) हक मारना | 4. आलिंगन करना |
| v) दिल न पिघलना | 5. गिड़गिड़ाना |
| | 6. अधिकार छीनना |

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×3=6

13. सर्व धर्म सहिष्णुता के बारे में स्वामी विवेकानंद जी के विचार लिखिए |

14. निन्दा की महिमा का वर्णन कीजिए |

15. महादेवी वर्मा ने दोपहर के समय सबकी आँख बचाकर बिन्दा के घर पहुँचने पर क्या देखा ?

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2×3=6

16. ' उससे जो कुछ भूल हुई, उसे तुम बड़े होकर क्षमा करो |'

17. ' वह रही मेरी अम्मा |'

18. ' अरे बिच्छू बिच्छू- |'

19. ' तुम भी खा लेना और गाय को भी खिला देना |'

III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×3=6

20. मीराबाई ने जीवन की नश्वरता के सम्बन्ध में क्या कहा है ?

21. किन परिस्थितियों में नारी पत्थर तोड रही थी ?

22. कवि डॉ. रामनिवास मानव के अनुसर मंजिल किन्हें मिलती है ?

23. नारी के शक्ति रूपों का वर्णन कीजिए |

आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2×4=8

24. कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढे बन मांहि |
ऐसे घटि घटि राम है, दुनिया देखै नांहि ||

**अथवा**

आवत ही हर्षे नहीं, नैनन नहीं सनेह |
तुलसी तहाँ न जाइए, कंचन बरसे मेह ||

25. किसलय - कर स्वागत हेतु हिला करते हैं
मृदु मनोभाव - सम सुमन खिला करते हैं
डाली - डाली में नव फल नित्य मिला करते हैं
तृण - तृण पर मुक्ता - भार झिला करते हैं |

**अथवा**

जीवन में न निराशा मुझको,
कभी रुलाने को आई |
जग' झूठा है ' यह विरक्ति भी,
नहीं सिखाने को आई ||

IV. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3×3=9

26. शराबी के जीवन में मधुआ के आने के बाद क्या परिवर्तन आया ?

27. अंततः पहाड़ी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा ?

28. ' खून का रिश्ता ' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ?

29. ' क्या जिन्दगी है इन लोगों की.....|' चंद्रप्रकाश के इस उद्‌गार पर टिप्पणी कीजिए |

30. हिन्दी अखबार ' नई दुनिया ' में छपे विज्ञापन के बारे में लिखिए |

31.' सिद्धेश्वरी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए |

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए: 2

32. कोई कहा कि सरला अच्छी गाती है | इसलिए सरला को भाई ने एक हज़ार रुपए दिया |

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 2

33. i) मुंशी जी हाथ को चाट रहे थे | ( भविष्यत काल में बदलिए)
ii) राधा किताब लाती है | (भूतकाल में बदलिए )

इ) अन्य लिंग रुप लिखिए: 2

34. i) बालक ii) चूहा

ई) अन्य वचन रुप लिखिए : 2

35. i) छात्र ii) केला

उ) समानार्थक शब्द लिखिए: 2

36. i) सूर्य ii) नदी

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5

37. श्री मल्लिकार्जुन शिवयोगी 1976 में महाराष्ट्र के ' जत्ता ' में प्रवचन दे रहे थे | हजारों लोग उनके प्रवचन सुनने के लिए आ रहे थे | एक दिन उनके प्रवचन के स्थान पर चार हत्यारे आ गये | रात के समय किसी की हत्या करने की योजना बना रहे थे | तब तक प्रवचन सुनने का फैसला किया | उस दिन श्री शिवयोगी जी ने प्रवचन में यह उपदेश दिया कि किसी को भी दुखित करना नहीं चाहिए | किसी के घर को तबाह न करनेवाला ही परम पवित्र है | श्री जी ने अहिंसा तत्व पर ऐसा जबरदस्त प्रवचन दिया जैसे नारद जी ने वाल्मीकी को दिया था , जैसे बुद्ध ने अंगुलिमाला को दिया था | हत्यारों पर इस प्रवचन का ऐसा प्रभाव पड़ा कि उस दिन हत्या न कर घर लौटे |

दूसरे दिन स्नान, पूजा आदि समाप्त कर जैसे ही श्री शिवयोगी बैठे थे, ये हत्यारे आकर उनके चरण स्पर्श करने लगे | पूजनीय शिवयोगी जी जैसे ही मुस्कुरा रहे थे, हत्यारे अपनी गलती बताकर माफी माँगने लगे | हत्यारों ने कबूल किया कि जो पाप करता है, उसके कर्मों को स्वयं भुगतता है | जैसी करनी वैसी भरनी |

प्रश्न: 1) लेखक ने श्री जी के प्रवचन की तुलना किससे की ?

2) ' निशा ' शब्द के लिए अनुच्छेद में लिखित पर्यायवाची शब्द लिखिए |

3)' पाप ' का विलोम शब्द लिखिए |

4) शिवयोगी जी ने किस पर प्रवचन दिया ?

5) उपर्युक्त कहानी से आपने क्या सीखा ?

5

आ. 38) धनुष उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु विदेश जाना चाहता है | माता इसका विरोध करती है | वह नहीं चाहती कि अपना बेटा विदेश में पढ़े | बेटा माँ को समझाता है कि विदेश में पढ़ने ज्यादा खर्च उठाने की जरूरत नहीं है | छात्रवृत्ति भी मिल जाती है | फिर भी माता सुनने के लिए तैयार नहीं है | धनुष के पिताजी अमेरिका में नौकरी कर रहे हैं |

धनुष की बहन धन्या है जो चाहती है कि भाई विदेश में पढ़े | धन्या बनकर आप पिताजी को एक पत्र लिखिए |

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5

39 ) 1) ಹೋದ ವರ್ಷ ನಾವು ಪೇಟೆಗೆ ಹೋಗಿದ್ದೆವು.

We had been to city last year.

2) ಈ ದೇಶದಲ್ಲಿ ಪ್ರಜೆಗಳೇ ಪ್ರಭುಗಳು.

In this country citizens are the real kings.

3) ನಿಮ್ಮ ತಂದೆ -ತಾಯಿಯವರಿಗೆ ನನ್ನ ಪ್ರಣಾಮಗಳನ್ನು ತಿಳಿಸು.

Give my regards to your parents.

4) ನೀನು ಇವತ್ತೇ ಪ್ರಶ್ನೆಗಳನ್ನು ಕೇಳುವೆಯಾ ?

Will you ask questions today itself ?

5) ಸಮಯ ಮತ್ತು ಅಲೆ ಯಾರಿಗೂ ಕಾಯುವುದಿಲ್ಲ.

Time and tide wait for none.

******